an>

Title: Need to formulate project for safe drinking water in Ajmer Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे पहली बार शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ और आभार व्यक्त करता हूँ ।

मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर में पेयजल की विकट समस्या है । एक मात्र बिसलपुर बांध है । इससे आप स्वयं भलीभांति परिचित हैं कि यदि बिसलपुर बांध नहीं होता, तो शहर और गांव सभी खाली हो जाते । पीने के पानी की ज्वलंत समस्या है । गत् वर्ष वर्षा कम होने की वजह से बिसलपुर बांध बिल्कुल सूखने के कगार पर है । आज हालात यह है कि शहरों में चार-पाँच दिनों पर पीने का पानी आ रहा है और गांवों में आठ-दस दिनों पर पीने का पानी आ रहा है ।

मंत्री महोदय जी से मेरा निवेदन है, हमारे देश के राष्ट्र-पुरुष और सिद्ध-पुरुष माननीय प्रधान मंत्री जी का मैं आभार व्यक्त करना चाहूँगा कि उन्होंने जल के संकट को समझा और देश की आज़ादी के बाद पहली बार जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया । हमें खुशी है कि वह मंत्रालय भी राजस्थान से चुनकर आए हुए सदस्य को मिला है ।

मेरा निवेदन है कि केन्द्र सरकार ने 2014 में छह हजार करोड़ रुपये मंजूर किये थे । आप जहाँ से आते हैं, चम्बल नदी को ब्राह्मणी नदी में डालकर, उनको लिफ्ट करके बिसलपुर बांध में लाने की व्यवस्था की थी ताकि पूरे अजमेर लोक सभा क्षेत्र में पीने का पानी मिल सके । इसके लिए पूर्ववर्ती राजस्थान सरकार ने डीपीआर भी बना ली थी । दुर्भाग्य से, वर्तमान राजस्थान सरकार ने उसको ठण्डे बस्ते में डाल दिया है । आज समस्या बहुत ही विकट है । नीचे पानी में फ्लोराइड है ।

मैंने अपने क्षेत्र में एक ही बात कही थी । अटल जी का जो सपना था नदियों को जोड़ने का, उसको सिद्ध-पुरुष नरेन्द्र भाई मोदी जी पूरा करेंगे । नदियाँ जुड़ जाएंगी, तो हर खेत को पानी मिल जाएगा, हर हाथ को काम मिल जाएगा, नौज़वान को रोज़गार मिल जाएगा, किसान के घर में समृद्धि आ जाएगी और राजस्थान में खुशहाली आ जाएगी ।

इसलिए मेरा मंत्री महोदय जी से निवेदन है कि इस ओर आवश्यक कदम उठाया जाए ।

माननीय अध्यक्ष:

श्री मनोज राजोरिया और

श्री सी.पी. जोशी को श्री भागीरथ चौधरी द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।